चरथावल विस क्षेत्र के गांव कसौली में हिन्दुस्तान की ग्राम चौपाल का आयोजन किया, ग्रामीणों ने खुलकर रखे विचार

# गावों में मूलभूत सुविधाएं बेहतर हों, महंगाई पर भी लगे लगाम


**मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट के चरथावल विधानसभा क्षेत्र में नगर से लेकर गांव तक चुनाव प्रचार जोरों पर है। गली–मोहल्ले से लेकर चौपालों तक लोकसभा चुनाव की चर्चा बुजुर्गों से लेकर युवाओं में खूब हो रही है। प्रत्याशी गांवों– गांवों में पहुंचकर मतदाताओं के समक्ष अपने दावों का पिटारा खोल रहे हैं फिर भी आम जनमानस कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। मंगलवार को हिन्दुस्तान के ग्राम चौपाल में कसौली के ग्रामीणों ने सरकार के कार्यों की सराहना की तो यह भी बोले कि, महंगाई पर अंकुश नहीं लग पाया है।**

### ग्राम चौपाल

**चरथावल, संवाददाता।** ग्रामीणों ने इस बात को दोहराया कि सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सबसे बढ़िया है। ऐसे में खुद के साथ दूसरों को भी अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करेंगे। चरथावल विधानसभा का गांव कसौली कस्बे से करीब 7 किलोमीटर दूरी स्थित है। स्थानीय मामचंद के आवास पर हिन्दुस्तान के ग्राम चौपाल में स्थानीय समस्याओं से लेकर चुनाव को लेकर चर्चा करते दिखे। गांव में अधिकतर राजपूत, मुस्लिम, पिछड़ी जाति व अनुसूचित वर्ग के मतदाता है। मामचंद पुंडीर का कहना है कि क्षेत्र में विकास खूब हो रहा है।





मंगलवार को चरथावल के गांव कसौली में हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल में चर्चा करते ग्रामीण।



सुखपाल सिंह ने कहा कि यहां राजकीय कन्या डिग्री कालेज न होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाएं उच्च शिक्षा से वंचित है। इस सरकार में सड़कों की हालत में सुधार, बिजली, पानी,खाद समय पर उपलब्ध हो रहा है। अपराध व अपराधी के प्रति सरकार सख्त है।



तीरथ पाल का कहना है कि प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार से सभी वर्गों को विश्वास में लेकर विकास का दम भरा है वह अपने आप में बड़ी बात है। योगी सरकार में गुंडों का सफाया हुआ है। पहली सरकारों में बिजली जब आती थी जब लोग सो जाते थे और उठने से पहले ही चली जाती थी।




शक्ति पुंडीर कहते हैं कि क्षेत्र में विकास कराने की प्राथमिकता जनप्रतिनिधियों की होनी चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की नीतियां भी प्रभावी व मजबूत होनी चाहिए। गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है। उज्ज्वला योजना सहित अनेक योजनाओं का लाभ मिला है।




सैय्यद शाकिब का कहना है कि जब हम खेत में रात को पानी चलाने जाते थे तो मोहल्ले पडोस के लडकों के साथ लाठी डंडे लेकर जाते थे। लेकिन योगी ने सारे गुंडों का ऐसा इलाज किया कि अब तो हम अकेले ही खेत में रात को पानी चलाने चले जाते हैं।



मामचंद पुंडीर का कहना है कि क्षेत्र में विकास तो खूब हो रहा है। आज तक किसी भी पार्टी कार्यकाल में क्षेत्र में इतना विकास नहीं हुआ जितना भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में करा दिया है। महंगाई पर ध्यान देने की जरूरत है।



कुलदीप सिंह राणा का कहना है कि कांग्रेस के 70साल में विकास तो हुआ लेकिन इस विकास में भाजपा के शासन मे अधिक तेजी आयी। मंहगाई पर अंकुश लगाने पर यह सरकार कामयाब नहीं हो पायी है।



आदित्य राणा कहते हैं कि मोदी ने कश्मीर से धारा 370, 35अ हटाकर पडोसी देश की बोलती बंद कर दी। आज पाकिस्तान से लेकर विदेशों में मोदी का डंका बज रहा है। सरकार ने डेवलपमेंट के क्षेत्र में काफी काम किया है।



उधम सिंह का कहना है कि क्षेत्र में विकास कराने की प्राथमिकता जनप्रतिनिधियों की होनी चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की नीतियां भी प्रभावी व मजबूत होनी चाहिए। गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पक्के मकान बन रहे हैं। वहीं हर क्षेत्र वासी को सुरक्षा के भरोसे के साथ अपराध से निजात मिली है।

## बच्चों ने मतदान का बताया महत्व

**सिखेड़ा, जानसठ।** वेदान्ता पब्लिक स्कूल में मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रा आशिया बतूल ने सभी को मतदान करने का महत्व बताया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी एवं प्रबंधक सुशील सिहं आर्य ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को अपने माता-पिता व बड़े भाई-बहन को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

हमारे लोकतन्त्र के अन्दर हर नागरिक को यह अधिकार दिया गया है। मतदान करना हमारे अधिकार के साथ देश के प्रति कर्तव्य भी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनीता सैनी, खामोश त्यागी, आकांक्षा चौधरी, नेहा शर्मा, रेणु चौधरी, आकांक्षा गुप्ता, शिवम कुमार आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

## कायकर्ता वोटिंग के लिए जागरूक करें

**मुजफ्फरनगर।** शहीद चौक स्थित कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तारिक कुरैशी के निवास पर मुजफ्फरनगर लोकसभा प्रभारी चौधरी रामकुमार सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर कांग्रेस नेतृत्व का संदेश देते हुए कहा कि हम कांग्रेसियों का फर्ज है कि हम 19 तारीख को मतदान में वोटिंग प्रतिशत को अधिक से अधिक बढ़ाने के लिए कार्य करें। हमारा गठबंधन उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा है। देश में भारतीय जनता पार्टी सरकार का समय अब पूरा हो गया है और देश में अब कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही हैं। इस अवसर पर डा प्रमोद शर्मा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अफसाना अंसारी, ममनून असारी, सतीश कुमार शर्मा, सतीश गर्ग, विकास बालियान, हरिदेव, इंजी. सद्दाम, जफर महमूद, अनमोल जैन आदि उपस्थित रहे।

### चुनावी तीर



उत्सव है ये देश का, सजे हैं पोलिंग बूथ
गौरवांवित सब वृद्ध जन, उत्साहित है यूथ।
उत्साहित है यूथ समझते जिम्मेदारी
सूझबूझ से होगी वोटिंग अबकी बारी।
वोट करे 'मासूम' लिए मन में आशा नव,
जीवन हो खुशहाल मनाए हर जन उत्सव।।
– मोनिका, 'मासूम'

### प्रथम वोटर

#### प्रधानमंत्री चुनने की हमें है खुशी



लोकसभा चुनाव की वोटिंग से देश का प्रधानमंत्री चुनने का अवसर मिलता है। इसकी हमें अधिक खुशी है। पहली बार लोकसभा चुनाव में वोट करने का मौका मिला है। – **शेखर सिंह, निवासी रतनपुरी**

#### पहली बार वोटिंग का है उत्साह



लोकतंत्र में एक–एक वोट की कीमत है। युवा वर्ग में वोटिंग का उत्साह अलग रहता है। इस बार 19 अप्रैल को वोटिंग है, जिसमें वोट करने के लिए हम सुबह ही बूथ पर पहुंचेंगे। –**प्रशांत प्रजापति, निवासी रतनपुरी**

### महिला वोटर

#### महिलाएं निभा रहीं भागीदारी



मतदान में महिलाएं अपनी भागीदारी निभा रही है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए यह बहुत जरूरी है। 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव भी देश का सबसे बड़ा लोकतंत्र का पर्व है। –**वृंदा शर्मा, निवासी गांधी नगर**

#### एक-एक वोट की बड़ी है कीमत



लोकतंत्र के पर्व के लिए मुजफ्फरनगर में 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। सभी को वोट करना चाहिए। समाज को शिक्षित बनाने वाले नेताओं को संसद तक पहुंचाने में हमारी वोट की कीमत है। –**सोनिया लूथरा, निवासी भोपा रोड**

### बुजुर्ग वोटर

#### वोट करने से मिलेगा अधिकार



वोट करना जिम्मेदार वोटर कर्तव्य है। राष्ट्रहित में वोट करना चाहिए। सुबह पहले उठकर वोटिंग ही करनी चाहिए। बुजुर्गों के लिए निर्वाचन आयोग ने भी अब तो घर से वोटिंग की सुविधा दी है। –**कंवरपाल सिंह, गांव मथुरा**

#### जातिवाद पर नहीं देनी चाहिए वोट



लोकतंत्र जनता से बना एक तंत्र है। वोट करना नागरिक जिम्मेदारी है। वोट करना तो बहुत जरूरी है। विकास के नाम पर ही वोट दी जाए। मेरी उम्र 70 वर्ष है। वोट करने का हमे लंबा अनुभव है। –**घसीटा, निवासी रतनपुरी**



शुकतीर्थ में राजलक्ष्मी का स्वागत करते साधु संत। ● हिन्दुस्तान

## राजलक्ष्मी ने वोट की अपील

**मोरना।** वोट फॉर मोदी, वोट फॉर नेशन के नारे के बीच 21 हजार किलोमीटर की मैराथन यात्रा पर मदुरई से निकली बुलेट रानी का शुकतीर्थ में साधु संतों ने स्वागत किया। बुलेट रानी माता राजलक्ष्मी मांदा ने नागरिकों से भाजपा के लिए वोट की अपील की।

तमिलनाडु के मदुरई से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक की अपनी 21 हजार किमी लंबी यात्रा के अंतर्गत वह बुलेट बाइक से शुकतीर्थ में पहुंची। बुलेट रानी कहलाने वाली साध्वी ने दंडी आश्रम में रात्रि प्रवास किया। यहां साधु संतों ने उनका स्वागत किया। माता राजलक्ष्मी मांदा ने बताया कि 12 फरवरी को मदुरई से चली थी।


# पहला चरण : आज थमेगा चुनाव प्रचार

### सियात

■ **दिवाकर झा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर लोस्क्षेत्र में सियासी बिसात पूरी तरह से बिछ चुकी है। इस सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। बुधवार शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। उधर भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी वोटों के डैमेज कंट्रोल में भी जुट गए। राजनीतिक दलों के प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में ए-दूसरे को पटकनी देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

वेस्ट यूपी की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट की गिनती हाई प्रोफाइल सीटों में होती है। वर्ष 2013 के दंगे के बाद से यहां की सियासत पूरी तरह से बदल चुकी है। इस सीट पर पहला चुनाव वर्ष 1952 में हुआ था। उस समय कांग्रेस के पं. हरिवल्लभ त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। वर्ष 1971 में चौधरी चरण सिंह को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी विजयपाल सिंह ने चुनाव हराया था। वर्ष 2014 आते-आते यहां भगवा रंग का असर दिखने लगा। पहली बार डा. संजीव बालियान बतौर भाजपा प्रत्याशी के रूप रिकार्डतोड़ वोट से जीत हासिल की थी। यह सिलसिला वर्ष 2019 में भी जारी रहा। डा. संजीव बालियान ने चौधरी अजित सिंह को चुनावी जंग में मात देते हुए भाजपा का परचम लहराया था। भाजपा अब यहां से हैट्रिक को बेताब है तो सपा और बसपा उसकी रफ्तार पर ब्रेक लगाने में जुटी है। चुनाव में यहां जाति समीकरण पूरी तरह से हावी है। यहां पर कुल मतदाताओं की संख्या 18.17 लाख है। इनमें पुरुष मतदाता 968869, महिला मतदाता 848460 व थर्ड जेंडर की संख्या 143 है। खास बात यह है कि इनमें करीब 36 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। जबकि जाट, राजपूत, ओबीसी भी भारी तादाद में हैं। इस चुनाव में मतदाताओं के मुद्दे और सवाल तो बहुत है लेकिन जातीय समीकरण की वजह से इन मुद्दों का कोई अस्तित्व नहीं है। फिर भी भाजपा प्रत्याशी डा. संजीव बालियान हो या फिर सपा प्रत्याशी हरेन्द्र मलिक एवं बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति का कहना है कि विकास के मुद्दे पर ही चुनावी जंग में हैं।



डॉ. संजीव बालियान।



हरेंद्र मलिक।



दारा सिंह।






## अब पोलिंग बूथों पर नहीं लगेंगे मच्छर दवा भी रहेगी साथ

**मुजफ्फरनगर।** लोकसभा चुनाव का प्रचार अंतिम चरण में पहुंच गया है। इसके साथ ही 19 अप्रैल को मुजफ्फरनगर के सभी मतदान केंद्रों और बूथों पर मतदान के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों और तेज हो गई है। 18 अप्रैल को कूकड़ा मंडी से पोलिंग बूथों के लिए पार्टियां रवाना होगी, जिसमें स्वास्थ्य विभाग उन्हें दवाओं के साथ किट में मच्छर भगाने के लिए एंटी मास्किटो कोर्ड भी उपलब्ध कराएगा।

मुजफ्फरनगर लोकसभा चुनाव का मतदान 19 अप्रैल को प्रथम चरण की वोटिंग में होने जा रहा है। मतदान के लिए लोकसभा क्षेत्र में 870 मतदान केंद्र और 1972 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जिला प्रशासन ने मतदान की तैयारियां पूर्ण कर ली है।

# वोटर आईडी न होने पर घबराने की जरूरत नहीं, 12 विकल्प है मौजूद

**मुजफ्फरनगर, संवाददाता।** पहले चरण में मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। ऐसे में यदि किसी मतदाता के पास वोटर आईडी नहीं है तो घबराने की जरूरत नहीं है। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के लिए 12 अन्य विकल्प से मतदान की सुविधा की है। अब अन्य 12 विकल्प से मतदान कर सकते है।

जनपद में 19 अप्रैल को मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर चुनाव होने जा रहा है। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट में पांच विधानसभा है। जिसमें चरथावल, बुढाना, सदर, खतौली और सरधना विधानसभा शामिल है। इसके अलावा जनपद में बिजनौर लोकसभा सीट की दो विधानसभा मीरापुर और पुरकाजी है। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से सांसद चुनने के लिए 18,17,472 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें 9,68,869 पुरूष और 8,48,460 महिला मतदाता है। वहीं 143 थर्ड जेंडर है। इसके अलावा बिजनौर लोकसभा सीट के मीरापुर विधानसभा में 3,29,167 मतदाता और पुरकाजी विधानसभा में 3,34,796 मतदाता है।

### इन आईडी से मतदान कर सकते हैं वोटर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटि आईडी (यूआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार दस्तावेज से मतदान कर सकते हैं।

### शहर 30s



मुजफ्फरनगर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते डा. संजीव बालियान।

#### भाजपा प्रत्याशी ने घर-घर जाकर मांगे वोट

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा प्रत्याशी डा. संजीव बालियान ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचलों में जहां घर–घर जाकर वोट मांगे वहीं नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए केन्द्र में तीसरी बार भाजपा सरकार और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की। कहा कि केन्द्र में भाजपा की सरकार बनने पर यहां राजकीय मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज औद्योगिक क्षेत्रों का विकास कराया जाएगा।



पुरकाजी के बाजार में राधा–कृष्ण की मूर्ति भेंट करते बाजार के लोग। ● हिन्दुस्तान

#### यशिका चौहान पुरकाजी में वोट मांगने पहुंची

**पुरकाजी।** बिजनौर लोकसभा से गठबंधन प्रत्याशी की पत्नी यशिका चौहान ने महिला टीम के साथ नगर व क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क किया गया। भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर, जिला पंचायत सदस्य रजत चौधरी, केपी सिंह आदि रहे।


## सार्वजनिक सूचना

[दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 102 के प्रावधानों के तहत और माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ, कोर्ट–द्वितीय के निर्देशों के अनुसार]

**श्री अरुण सिंह @ अरुण कुमार के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ (मैसर्स आरजीवी इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड का व्यक्तिगत गारंटर)**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कॉर्पोरेट देनदार के व्यक्तिगत गारंटर का नाम** | **श्री अरुण सिंह @ अरुण कुमार** |
| 2. | व्यक्तिगत गारंटर का पता | मकान नंबर 132, भोपारोड दक्षिणी 1, थाना मंडी, कोतवाली, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश – 251001 |
| 3. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम और सीआईएन | **मैसर्स आरजीवी इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड** **सीआईएन:** U70101DL2011PTC219603 |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार का पंजीकृत कार्यालय | बी–9/6243, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070, भारत |
| 5. | समाधान प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | **04 अप्रैल 2024** (12 अप्रैल 2024 को प्राप्त आदेश की प्रति) |
| 6. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | **03 मई 2024** |
| 7. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | **नाम : श्री गौरव कटियार** **पंजीकरण सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P00209/2017-2018/10409 **एएफए वैधता :** 05 नवंबर, 2024 तक |
| 8. | समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है | **पता :** डी–32, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली–110065 **ईमेल :** cagauravkatiyar@gmail.com |
| 9. | प्रासंगिक प्रपत्र | दावे प्रस्तुत करने के लिए प्रासंगिक फॉर्म https://www.ibbi.gov.in/ से डाउनलोड किए जा सकते हैं। |

एतद्वारा नोटिस दिया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, नई दिल्ली, कोर्ट II ने संहिता की धारा 95 के तहत दिवाला समाधान प्रक्रिया के मामले में **4 अप्रैल 2024** (12 अप्रैल 2024 को प्राप्त आदेश की प्रति) को **श्री अरुण सिंह / अरुण कुमार** के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया हैं।

**श्री अरुण सिंह / अरुण कुमार** के लेनदारों को एतद्वारा **3 मई, 2024** को या उससे पहले इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से, या हाथ या पंजीकृत पोस्ट या स्पीड पोस्ट या कूरियर द्वारा समाधान पेशेवर को प्रमाण के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

नोट: सबूत के साथ झूठे या भ्रामक दावों को प्रस्तुत करने पर दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 और किसी भी अन्य लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार दंड या कारावास होगा।

**हस्ता/–**
**गौरव कटियार**
समाधान प्रोफेशनल

**दिनांक :** 15.04.2024
**स्थान :** नई दिल्ली
**पंजीकरण संख्या :** IBBI/IPA-001/IP-P00209/2017-18/10409



## सार्वजनिक सूचना

[दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 102 के प्रावधानों के तहत और माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ, कोर्ट–द्वितीय के निर्देशों के अनुसार]

**श्री रोहित सिंह के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ (मैसर्स आरजीवी इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड का व्यक्तिगत गारंटर)**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कॉर्पोरेट देनदार के व्यक्तिगत गारंटर का नाम** | **श्री रोहित सिंह** |
| 2. | व्यक्तिगत गारंटर का पता | 227/23, गली नंबर 1, अंसारी रोड, आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश – 251002 |
| 3. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम और सीआईएन | **मैसर्स आरजीवी इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड** **सीआईएन:** U70101DL2011PTC219603 |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार का पंजीकृत कार्यालय | बी–9/6243, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070, भारत |
| 5. | समाधान प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | **04 अप्रैल 2024** (12 अप्रैल 2024 को प्राप्त आदेश की प्रति) |
| 6. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | **03 मई 2024** |
| 7. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | **नाम : श्री गौरव कटियार** **पंजीकरण सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P00209/2017-2018/10409 **एएफए वैधता :** 05 नवंबर, 2024 तक |
| 8. | समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है | **पता :** डी–32, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली–110065 **ईमेल :** cagauravkatiyar@gmail.com |
| 9. | प्रासंगिक प्रपत्र | दावे प्रस्तुत करने के लिए प्रासंगिक फॉर्म https://www.ibbi.gov.in/ से डाउनलोड किए जा सकते हैं। |

एतद्वारा नोटिस दिया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, नई दिल्ली, कोर्ट II ने संहिता की धारा 95 के तहत दिवाला समाधान प्रक्रिया के मामले में **4 अप्रैल 2024** (12 अप्रैल 2024 को प्राप्त आदेश की प्रति) को **श्री रोहित सिंह** के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया हैं।

**श्री रोहित सिंह** के लेनदारों को एतद्वारा **3 मई, 2024** को या उससे पहले इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से, या हाथ या पंजीकृत पोस्ट या स्पीड पोस्ट या कूरियर द्वारा समाधान पेशेवर को प्रमाण के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

नोट: सबूत के साथ झूठे या भ्रामक दावों को प्रस्तुत करने पर दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 और किसी भी अन्य लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार दंड या कारावास होगा।

**हस्ता/–**
**गौरव कटियार**
समाधान प्रोफेशनल

**दिनांक :** 15.04.2024
**स्थान :** नई दिल्ली
**पंजीकरण संख्या :** IBBI/IPA-001/IP-P00209/2017-18/10409



## सार्वजनिक सूचना

[दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 102 के प्रावधानों के तहत और माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ, कोर्ट–द्वितीय के निर्देशों के अनुसार]

**सुश्री ब्रिजेश कुमारी के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ (मैसर्स आरजीवी इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड का व्यक्तिगत गारंटर)**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कॉर्पोरेट देनदार के व्यक्तिगत गारंटर का नाम** | **सुश्री ब्रिजेश कुमारी** |
| 2. | व्यक्तिगत गारंटर का पता | 227/23, गली नंबर 1, अंसारी रोड, आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश – 251002 |
| 3. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम और सीआईएन | **मैसर्स आरजीवी इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड** **सीआईएन:** U70101DL2011PTC219603 |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार का पंजीकृत कार्यालय | बी–9/6243, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070, भारत |
| 5. | समाधान प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | **04 अप्रैल 2024** (12 अप्रैल 2024 को प्राप्त आदेश की प्रति) |
| 6. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | **03 मई 2024** |
| 7. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | **नाम : श्री गौरव कटियार** **पंजीकरण सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P00209/2017-2018/10409 **एएफए वैधता :** 05 नवंबर, 2024 तक |
| 8. | समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है | **पता :** डी–32, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली–110065 **ईमेल :** cagauravkatiyar@gmail.com |
| 9. | प्रासंगिक प्रपत्र | दावे प्रस्तुत करने के लिए प्रासंगिक फॉर्म https://www.ibbi.gov.in/ से डाउनलोड किए जा सकते हैं। |

एतद्वारा नोटिस दिया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, नई दिल्ली, कोर्ट II ने संहिता की धारा 95 के तहत दिवाला समाधान प्रक्रिया के मामले में **4 अप्रैल 2024** (12 अप्रैल 2024 को प्राप्त आदेश की प्रति) को **सुश्री ब्रिजेश कुमारी** के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया हैं।

**सुश्री ब्रिजेश कुमारी** के लेनदारों को एतद्वारा **3 मई, 2024** को या उससे पहले इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से, या हाथ या पंजीकृत पोस्ट या स्पीड पोस्ट या कूरियर द्वारा समाधान पेशेवर को प्रमाण के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

नोट: सबूत के साथ झूठे या भ्रामक दावों को प्रस्तुत करने पर दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 और किसी भी अन्य लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार दंड या कारावास होगा।

**हस्ता/–**
**गौरव कटियार**
समाधान प्रोफेशनल

**दिनांक :** 15.04.2024
**स्थान :** नई दिल्ली
**पंजीकरण संख्या :** IBBI/IPA-001/IP-P00209/2017-18/10409


## टंडेढ़ा में अनशन जारी, ग्रामीणों व एसडीएम के बीच वार्ता विफल

**मोरना।** गांव टन्डेढ़ा में मुख्य मार्ग का निर्माण न होने से नाराज ग्रामीण चुनाव का बहिष्कार कर गांव में ही अनशन पर बैठ हैं। मंगलवार को ग्रामीणों के बीच पहुंचे उपजिलाधिकारी व पीडब्ल्यूडी के एसडीओ ने चुनाव के बाद सड़क निर्माण का ग्रामीणों का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीणों ने अधिकारियों के आश्वासन का विश्वास न करते हुए सड़क निर्माण नहीं होने तक अनशन जारी रखने का निर्णय लिया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टन्ढेडा के ग्रामीण बेहड़ा सदात – टंन्ढेडा मार्ग को बनवाने की मांग लगातार करते आ रहे हैं। किन्तु मात्र पांच किलोमीटर की दूरी के मार्ग का निर्माण न होने से नाराज ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर अनशन शुरू कर दिया है। मंगलवार को अनशन पर ग्रामीणों के बीच पहुंचे उपजिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार व लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता हरवंश सिंह ने ग्रामीणों को चुनाव के बाद सड़क निर्माण का आश्वासन दिया लेकिन ग्रामीणों ने अधिकारियों के आश्वासन पर भरोसा न जताते हुए सड़क निर्माण होने तक अनशन जारी रखने का फैसला किया।

प्रधान पति खुर्रम अजीज ने कहा कि जब तक सड़क निर्माण नहीं होगा तब तक कमेटी के सदस्य अनशन पर बैठे रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से धर्मेन्द्र चौधरी, रणवीर सिंह, पवन प्रधान, यशपाल सिंह, मौ. साजिद, मौ.अली, दुर्गेश, इरफान, विजयकांत आदि उपस्थित रहे।